24/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर से प्रथम गेयकार सिन्यी मैराथन को हरी झंडी दिखाई। 14 किलोमीटर लंबी मैराथन का समापन प्रसिद्ध गेयकार सिन्यी लेक में हुआ, जो गंगा लेक के नाम प्रसिद्ध हैं। राज्यपाल ने इस पहल के लिए पर्यटन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन से लेक के पौराणिक और पर्यटन महत्व को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैराथन प्रतिभागियों और राजधानी परिसर के नागरिकों के बीच अच्छे स्वास्थ्य और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देगी। कार्येक्रम के तहत राज्यपाल ने बुजुर्गों के लिए 5 किलोमीटर की एक छोटी मैराथन आयोजित करने का सुझाव दिया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज दोरजी खांडू ऑडिटोरियम हॉल में 'पर्यावरण और सुरक्षा' शीर्षक पर आयोजित सेमिनार के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए पड़ोसी देश चीन द्वारा बाधक इंटरनेशनल वाटर ट्रियटीस में शामिल होने से इंकार करने तथा हाइड्रोलॉजिकल डेटा के चयनात्मक साझाकरण को क्षेत्र में चिंता का विषय बताया। श्री खांडू ने यारलुंग त्सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की चीन की योजना की ओर सभी हितधारकों का ध्यान आकर्षित किया। यह नदी अरुणाचल प्रदेश में सियांग के रूप में प्रवेश करती है तथा असम में ब्रह्मपुत्र बन जाती है।

उन्होंने बताया कि बांध चीन को नीचली इलाको की ओर बहने वाले पानी की समय और मात्रा को नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान करेगा, परिणाम स्वरुप पानी की कम प्रवाह या सूखे की अवधि के दौरान राज्य में विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है।

0000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग, ने आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले की गर्ल टॉपर्स के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य कानूनी अधिकारों, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता सत्र सहित शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उनकी कड़ी मेहनत को प्रोत्साहित किया गया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के साथ **बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ** योजना के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

0000000000000000000000

आज सुबह लुंगला सब-डिवीजन के पामखार सर्कल के अंतर्गत तवांग चू नदी के क्षेत्र में भीषण आग लगने से सागक्यूर और आसपास के गांवों के लिए बड़ा खतरा पैदा हुआ। हालांकि, एसएसबी लुंगला, भारतीय सेना के जवानों, स्थानीय पुलिस और निवासियों के सहयोग से लुंगला प्रशासन द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। पर इन प्रयासों के बावजूद, घने पहाड़ियों और दुर्गम जंगल के कुछ इलाकों में आग अभी भी जल रही है। आग को और फैलने से रोकने के लिए सभी एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

लुंगला के प्रभारी अतिरिक्त उपायुक्त आमा नुंगनू मारा और तवांग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी गेंदेन त्सोमू मौके पर समन्वय प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय सेना, राज्य पुलिस, एसएसबी, बीआरओ और वन विभाग के अधिकारी सक्रिय रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं साथ ही ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिक्रिया टीमों के साथ सहयोग करें।

0000000000000000000

स्पाईस बोर्ड ने गुरुवार को ईटानगर के डी. के. स्टेट कन्वेंशन सेंटर में सेलर - बायर मीट का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के साथ-साथ अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के मसालों को बेहतर वाणिज्य और व्यापार के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर बोलते हुए राज्य के वाणिज्य और उद्योग मंत्री न्यातो दुकोम ने बताया कि राज्य में मसाला खेती अभी भी बहुत प्रारंभिक अवस्था में है, हालांकि हाल के वर्षों में अनुकूल जलवायु और मिट्टी की स्थिति के साथ मसालों की खेती तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया और मसाला बोर्ड से वित्तीय और तकनीकी दोनों तरह से मार्गदर्शन जारी रखने का अनुरोध किया।

0000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के बारह जिलों कुरुंग कुमे, वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सुनबसिरी, शी योमी, लेपारादा, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, दिवांग वैली, लोअर दिवांग वैली और अंजाव में येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर अगले 12 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की।

0000000000000000000

गणतंत्र दिवस समारोह के तहत कल राजधानी परिसर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान आयोजित किया जायेगा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एक नोटिस जारी कर सभी विभागों, स्कूलों और कॉलेजों, बाजार कल्याण समितियों के प्रमुखों और ईटानगर के नागरिकों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने परिसरों और आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान का आयोजन करे।

0000000000000000000

बुधवार को नाहरलागुन में CMAAY एवं AB-PM-JAY के तहत एक नामांकन अभियान चलाया गया, जिसका सफल आयोजन राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल सोसाइटी द्वारा न्यीशी बापटिस्ट चर्च काउंसिल के सहयोग से किया गया। अभियान का उद्देश्य दो प्रमुख स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल योजन और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लोगों का पंजिकरण करना था,

जिसे पात्र लाभार्थियों को चिकित्सा के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। यह नामांकन अभियान राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा इन योजनाओं की पहुँच राज्य के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों का हिस्सा है।

00000000000000000000